# झारखण्ड विधान सभा

## दैनिक विवरणिका

पंचम् झारखण्ड विधान सभा | एकादश (बजट) सत्र
संख्या–07 | सोमवार, दिनांकः–13 मार्च, 2023 ई०।

**समयः–11:00 बजे पूर्वा० से 05:44 अप० तक।**

**माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।**

### 1. शपथ–ग्रहण

आसन की अनुमति के उपरान्त प्रभारी सचिव के द्वारा नाम पुकारे जाने पर क्षेत्र संख्या–23, रामगढ़ विधान सभा क्षेत्र से नवनिर्वाचित माननीय सदस्या श्रीमती सुनिता चौधरी ने सदन में सदस्य, विधान सभा के रूप में शपथ–ग्रहण किया।

### 2. सूचना

1. माननीय सदस्य श्री उमा शंकर अकेला ने सूचना दिया कि धनबाद के माननीय सदस्या श्रीमती पुर्णिमा नीरज सिंह की सुरक्षा का पुख्ता इन्तजाम किया जाय, जिन्हें जान का खतरा है और उनपर जानलेवा हमला हो सकता है।
2. माननीय सदस्य श्री नीलकंठ सिंह मुण्डा ने सूचना दिया कि सदन से पारित नियोजन नीति को समाप्त कर सरकार ने किस परिस्थिति में कैबिनेट से नई नियोजन नीति पारित कर राज्य में लागू किया, जो सदन की अवमानना है। विभिन्न समाचार पत्रों के माध्यम से सूचना मिल रही है कि नई नियोजन नीति में 60:40 का उल्लेख है, जिसमें 60 तो समझ में आ रहा है, परन्तु 40 के सम्बन्ध में स्पष्ट नहीं हो पा रहा है कि यह क्या है? इस संबंध में सदन को अवगत कराया जाय।
**(इस क्रम में सम्पूर्ण भारतीय जनता पार्टी के सदस्यगण माननीय मुख्यमंत्री से वक्तव्य की मांग पर सदन के वेल में आ गए।)**

### 3. प्रश्नकाल

आज के लिए निर्धारित प्रश्नों का व्यवस्थापन निम्न प्रकार से हुआ:–

**(i) अल्पसूचित प्रश्नों की कुल संख्या–23**

| | | |
|---|---|---|
| (क) उत्तरित कुल–03 | अ०सू०–17, श्री लम्बोदर महतो, | स0वि0स0 |
| | अ0सू0–04, श्री अमित कुमार यादव | स0वि0स0 |
| | अ0सू0–31'क' श्रीमती दीपिका पाण्डेय सिंह | स0वि0स0 |
| (ख) स्थगित कुल–01 | अ0सू0–32, श्री सुदेश कुमार महतो | स0वि0स0 |
| (ग) अपृष्ठ कुल–07 | अ0सू0–03, श्री भानू प्रताप साही | स0वि0स0 |

अ0सू0–13, श्री राज सिन्हा स0वि0स0

अ०सू०–18, श्री अनन्त कुमार ओझा, स0वि0स0

अ0सू0–26, श्री दीपक बिरूवा स0वि0स0

अ0सू0–07, श्री बिरंची नारायण स0वि0स0

अ0सू0–11, श्री प्रदीप यादव स0वि0स0

अ0सू0–21, श्री किशुन कुमार दास स0वि0स0

(घ) अनागत कुल–12 क्रम संख्या–121 से 132 तक।

**(ii) तारांकित प्रश्नों की कुल संख्या–50**

(क) अनागत कुल–50 क्रम संख्या–203 से 252 तक।

**(विपक्षी सदस्यों के द्वारा नई नियोजन नीति के विरूद्ध वेल में लगातार शोरगुल जारी रखने के कारण 11:32 बजे पूर्वा0 में सदन की कार्यवाही 12:30 बजे अप0 तक के लिए स्थगित करने की घोषणा आसन से की गयी )**

स्थगनोपरान्त माननीय अध्यक्ष महोदय ने 12:30 बजे आसन ग्रहण किया।

माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन से नवनिर्वाचित सदस्य श्रीमती सुनीता चौधरी, जिन्होंने आज सदन में सदस्यता की शपथ ली, को शुभकामाना देते हुए उज्जवल राजनीतिक जीवन की कामना की।

झारखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन के नियम–303 के तहत आज के लिए स्वीकृत शून्यकाल की सूचनाओं को पढ़ा हुआ मानते हुए लिखित उत्तर हेतु संबंधित विभागों में भेजे जाने हेतु आसन से निदेश दिया गया।

माननीय अध्यक्ष महोदय के आसन ग्रहण करते ही व्यवस्था पर ध्यानाकृष्ट कराते हुए माननीय सदस्य श्री चन्द्रेश्वर प्रसाद सिंह ने कहा कि कैबिनेट से पारित नई नियोजन नीति पर सदन के अंदर जो लगातार गतिरोध चल रहा है, उसे समाप्त कराने का प्रयास आपके द्वारा किया जाना चाहिए। सदन में माननीय मुख्यमंत्री जी मौजूद हैं, उनके द्वारा नई नियोजन नीति से सदन को अवगत कराने हेतु आग्रह किया जाना चाहिए। अगर माननीय मुख्यमंत्री न सही तो कम–से–कम वरिष्ठ माननीय सदस्य श्री स्टीफन मराण्डी जी या माननीय सदस्य श्री नलिन सोरेन जी के द्वारा भी इस विषय पर सदन को स्पष्ट कराने का प्रयास किया जाना चाहिए।

## 4. ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचनायें

झारखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन के नियम–147 के तहत् श्रीमती दीपिका पाण्डेय सिंह, स0वि0स0 एवं अन्य द्वारा प्रस्तुत ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचना पढ़ी गयी जिसपर सरकारी वक्तव्य हुआ।

**(विपक्षी सदस्यों द्वारा वेल में लगातार शोरगुल की स्थिति में 12:50 बजे अप0 में सदन की कार्यवाही 02:00 बजे अप0 तक के लिए स्थगित करने की सूचना आसन द्वारा दिया गया।)**

(अन्तराल)

माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।

माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा आसन ग्रहण किए जाने के उपरांत,

1. माननीय सदस्य श्री मनीष जायसवाल ने सूचना दिया कि हजारीबाग का रामनवमी उत्सव अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त है। 2017–18 में हेलिकॉप्टर से रामनवमी जुलूस पर पुष्पवर्षा की गई थी और अभी 5000 से अधिक लोगों को जिला प्रशासन द्वारा नोटिस देकर कहा गया है कि गाजा–बाजा या DJ नहीं बजाया जाए साथ ही धारा–107 भी लगाया गया है। आसन से संरक्षण एवं माननीय मंत्री द्वारा संज्ञान लिए जाने का आग्रह किया।
2. माननीय सदस्य श्री भानू प्रताप शाही ने महँगाई में वृद्धि को देखते हुए सभी पक्ष एवं विपक्ष की मांग पर चलते सत्र के पूर्व दिल्ली विधान–सभा में माननीय सदस्यों के लिए दिए जा रहे वेतन की तर्ज पर झारखण्ड विधान सभा के माननीय सदस्यों के वेतन वृद्धि की मांग की।

## 5. वित्तीय कार्य

वित्तीय वर्ष 2022–23 के आय–व्ययक पर सामान्य वाद–विवाद पर पूर्व से जारी चर्चा के क्रम में आसन से पुकारे जाने पर निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया:–

श्री अमित कुमार मण्डल

श्री प्रदीप यादव

श्री सुदिव्य कुमार

(इस दौरान श्री रामचन्द्र सिंह, सभापति ने आसन ग्रहण किया।)

श्री सुदेश कुमार महतो

श्री सरयू राय

(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।)

श्री विनोद कुमार सिंह

श्री उमा शंकर अकेला

श्री समीर कुमार महान्ती

(माननीय सदस्य डॉ० इरफान अंसारी ने सूचना दिया कि बिजली विभाग द्वारा उपभोक्ताओं को त्रुटिपूर्ण बिजली विपत्र भेजकर अतिरिक्त राशि की मांग की जा रही है, जिससे स्थानीय उपभोक्ताओं को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है जिसे रोका जाय।)

इसके उपरांत सरकार की ओर से डॉ० रामेश्वर उराँव, माननीय मंत्री वित्त विभाग द्वारा उत्तर दिया गया तत्पश्चात् सदन की कार्यवाही मंगलवार, दिनांक–14 मार्च, 2023 के 11:00 बजे पूर्वा० तक के लिए स्थगित की गयी।

रॉंची,
दिनांक–13 मार्च, 2023

सैयद जावेद हैदर,
प्रभारी सचिव,
झारखण्ड विधान सभा, राँची।